पीएम सूर्य घर योजना

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने [प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना](#) के अंतर्गत सोलर रूफटॉप संयंत्रों की **स्थापना दर दोगुनी** करने का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु

- **वर्तमान स्थिति:**
  - राज्य में अब तक **एक लाख से अधिक** [सोलर संयंत्र](#) स्थापित किये जा चुके हैं। वर्तमान में **प्रतिमाह लगभग 11,000 सोलर प्लांट** लगाए जा रहे हैं, अर्थात **प्रतिदिन औसतन 500 से अधिक** संयंत्रों की स्थापना हो रही है।
- **लक्ष्य:**
  - सरकार का लक्ष्य **2025-26 में 2.65 लाख प्लांट लगाना है**, जिससे मासिक स्थापना दर बढ़कर 22,000 हो जाएगी।
    - **मार्च 2027 तक कुल 8 लाख सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का लक्ष्य है।** इस प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिये 2,500 से अधिक विक्रेताओं को सूचीबद्ध किया गया है और लगभग 1,800 विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया गया है।
- **बहु-स्तरीय योजना निर्माण:**
  - लक्ष्य को **ज़िला, डिस्कॉम**, **नगर निगम** और **नगर पालिका स्तर** पर बाँटा गया है।
  - योजना को **मुख्यमंत्री डैशबोर्ड** से जोड़ा गया है, जिससे इसकी **रीयल टाइम मॉनिटरिंग** और **प्रगति की ट्रैकिंग** संभव हो रही है।
  - **UPNEDA (उत्तर प्रदेश नई और नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी)** योजना को **हर घर तक पहुँचाने** के लिये प्रतिबद्ध है।
  - आवेदकों से संपर्क कर **विक्रेताओं (vendors)** को सूचीबद्ध किया जा रहा है।
    - विक्रेताओं को **बैंकों के माध्यम से ऋण और क्रेडिट गारंटी योजनाओं** का लाभ देकर उनकी **आर्थिक क्षमता मज़बूत** की जा रही है।
- **प्रशिक्षण एवं सहयोग:**
  - प्रशिक्षण कार्य **राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय संस्थान**, **कौशल विकास मंत्रालय**, **भारत सरकार** और **UPNEDA** के सहयोग से **चरणबद्ध तरीके** से किया जा रहा है।

पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना

- **परिचय:**
  - यह **योजना नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा** मंत्रालय द्वारा **फरवरी 2024** में शुरू की गई थी।
  - यह पर्याप्त वित्तीय सब्सिडी प्रदान करके और इनस्टॉलेशन में सुविधा सुनिश्चित करके [सोलर रूफटॉप सिस्टम](#) को अपनाने को बढ़ावा देने के लिये एक **केंद्रीय योजना है।**
  - इसका लक्ष्य भारत में **एक करोड़ परिवारों** को **मुफ्त विद्युत ऊर्जा उपलब्ध कराना है,** जो रूफटॉप सोलर पैनल वाली बिजली इकाइयाँ स्थापित करना चाहते हैं।
    - **परिवारों को प्रत्येक महीने 300 यूनिट** बिजली मुफ्त मिल सकेगी।
- **कार्यान्वयन एजेंसियाँ:** योजना का क्रियान्वयन **दो स्तरों पर** किया जाएगा।
  - **राष्ट्रीय स्तर: राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA)** द्वारा प्रबंधित।
  - **राज्य स्तर: राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA)** द्वारा प्रबंधित, जो संबंधित राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों की वितरण उपयोगिताएँ (डिस्कॉम) या विद्युत/ऊर्जा विभाग हैं।
- **सब्सिडी संरचना:** यह योजना सोलर रूफटॉप सिस्टम इनस्टॉलेशन की लागत को कम करने के लिये सब्सिडी प्रदान करती है। सब्सिडी अधिकतम **3 किलोवाट क्षमता तक सीमित** है।
  - 2 किलोवाट क्षमता तक के सोलर सिस्टम के लिये **60% सब्सिडी**।
  - 2 किलोवाट से 3 किलोवाट क्षमता के बीच सोलर सिस्टम के लिये **40% सब्सिडी**।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pt-surya-ghar-yojana